# यूपी में शहरीकरण को नई दिशा देंगे उद्योग-एक्सप्रेसवे

- पूर्वांचल और बुंदेलखंड में नोएडा की तर्ज पर बसाए जाएंगे शहर
- इन शहरों में एनसीआर जैसी सभी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। योगी सरकार ने एक्सप्रेसवे के किनारे नए औद्योगिक नगरों को बसाने का संकल्प लिया है। नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के करीब नए औद्योगिक शहर को बसाने का ऐलान किया जा चुका है। तेज रफ्तार वाले मार्गों के किनारे नये-नये नगरों को डेवलप करने से विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाएगी। नोएडा की तर्ज पर बनने वाले इन औद्योगिक नगरों में सरकार हर प्रकार के आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करेगी। प्रत्येक एक्सप्रेसवे के किनारे अलग-अलग औद्योगिक पार्कों को स्थापित करके जहां एक तरफ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास होगा वहीं मौजूदा नगरों पर बढ़ते बोझ को भी कम करने में मदद मिलेगी।